आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
बृहस्पतिवार 18.12.2025
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- संसद ने भारतीय बीमा कंपनियों में 100 प्रतिशत प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की अनुमति वाला विधेयक पारित किया। 70 से अधिक अधिनियमों को निरस्त करने वाले विधेयक को मंजूरी दी।
- ''जन–जन की सरकार, जन–जन के द्वार'' अभियान के तहत प्रदेशभर में कई कार्यक्रम आयोजित किये गये। अभियान पैंतालीस दिनों तक संचालित किया जाएगा।
- मुख्य सचिव ने दून विश्वविद्यालय एवं कुमाऊं विश्वविद्यालय के लैंग्वेज स्कूल को मजबूत और प्रभावी बनाने के निर्देश दिए।
- मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार प्रदेशभर में 20 दिसंबर तक मौसम शुष्क रहेगा।

सबका बीमा

राज्यसभा ने सबका बीमा, सबकी रक्षा, बीमा विधि संशोधन विधेयक 2025 को अपनी मंजूरी दी, जिसका उद्देश्य बीमा क्षेत्र के विकास को गति देना है। सदन ने निरर्थक और अप्रचलित हो चुके कानूनों को निरस्त करने के लिए निरसन और संशोधन विधेयक 2025 भी पारित किया।

'जन–जन की सरकार'

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर प्रदेश में ''जन–जन की सरकार, जन–जन के द्वार'' अभियान का शुभारंभ हो गया है। न्याय पंचायतों में शिविर आयोजित कर आम लोगों को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही उनकी समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण किया किया। यह महत्वाकांक्षी अभियान पैंतालीस दिनों तक संचालित किया जाएगा। अभियान के पहले दिन राज्य के सभी जिलों में तय कार्यक्रम के अनुसार चयनित न्याय पंचायतों में आयोजित शिविरों में बड़ी संख्या में आम लोगों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की। राज्य सरकार की इस महत्वपूर्ण जन–कल्याणकारी पहल के पहले दिन राज्य के विभिन्न स्थानों पर आयोजित शिविरों में हजारों ग्रामीणों को लाभान्वित किया गया। इस अभियान में राजस्व, ग्राम्य विकास, पंचायती राज, कृषि, समेत 23 विभाग शामिल रहेंगे।

मुख्यमंत्री कौशल उन्नयन

मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने मुख्यमंत्री कौशल उन्नयन एवं वैश्विक रोजगार योजना की बैठक में दून विश्वविद्यालय एवं कुमाऊं विश्वविद्यालय के लैंग्वेज स्कूल को मजबूत और प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने प्रदेशभर में बनाए जा रहे पुस्तकालयों में भाषा लैब को जोड़ने के भी निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि इससे पुस्तकालयों में जाने वाले छात्र भाषा लैब में ऑडियो–विजुअल्स के माध्यम से विदेशी भाषाओं को सीख सकते हैं। मुख्य सचिव ने अधिकारियों को विदेश रोजगार प्रकोष्ठ एवं तकनीकी शिक्षा को क्रेडिट आधारित विदेशी भाषा लर्निंग कार्यक्रम संचालित करने के निर्देश दिए हैं।

स्पर्श गंगा अभियान

स्पर्श गंगा अभियान के तहत हरिद्वार के एसएमजेएन पी जी कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने जन जागरूकता रैली निकाल कर लोगों को गंगा की स्वच्छता व निर्मलता के लिए जागरूक किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर पद्मावती तनेजा ने कहा कि गंगा सिर्फ एक नदी नहीं बल्कि हमारी सभ्यता, संस्कृति और आस्था का प्रतीक है। इसको स्वच्छ रखने के लिए लोगों का जागरूक होना अति आवश्यक है। वहीं बागेश्वर जिले के पंडित बीडी पांडेय कालेज के एनएसएस के स्वयंसेवियों ने स्वच्छता रैली निकालकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया और सरयू नदी के तट पर सफाई अभियान चलाया।

टिहरी सांसद

टिहरी की सांसद माला राज्यलक्ष्मी शाह ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने केंद्रीय शिक्षा मंत्री को पत्र देकर टिहरी जिले के घनसाली विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत भिलंगना विकासखंड में केंद्रीय विद्यालय खोले जाने की मांग की। सांसद श्रीमती शाह ने श्री प्रधान से कहा कि क्षेत्र के विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य, गुणवत्तापूर्ण एवं समान शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए केंद्रीय विद्यालय की स्थापना आवश्यक है। इस पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने उन्हें इस पर कार्यवाही करने का आश्वासन दिया।

विदेशी भाषा

अधिक से अधिक लोगों को विदेशों में रोजगार से जोड़ने के लिए युवाओं को विभिन्न भाषाओं का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। सचिव सी. रविशंकर ने बताया कि विदेश रोजगार प्रकोष्ठ में अभी तक दो सौ 6 लोगों ने पंजीकरण कराया है। इनसे से नवम्बर, 2025 तक कुल 76 लोगों को विदेश में रोजगार प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि नवाचार योजना के तहत स्टेट नर्सिंग कॉलेजों में दो सौ 48 अभ्यर्थियों को जर्मनी, 35 को जापानी, 62 को फ्रेंच, 11 को स्पेनिश और एक सौ 85 अभ्यर्थियों को अंग्रेजी भाषा का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

10वीं और 12वीं की प्रयोगात्मक परीक्षाएं

उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद की 10वीं और 12वीं की प्रयोगात्मक परीक्षाएं 16 जनवरी से शुरू होंगी। बोर्ड के सचिव विनोद सिमल्टी ने बताया कि प्रयोगात्मक परीक्षा को लेकर तैयारियां चल रही है। उन्होंने कहा कि बोर्ड की ओर से प्रयोगात्मक परीक्षाओं के लिए शिक्षकों का चयन किया जा रहा है। प्रयोगात्मक परीक्षाएं 16 जनवरी से शुरू होगी और 15 फरवरी तक चलेंगी।

## जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

अल्मोड़ा जिले के द्वाराहाट क्षेत्र के किरोली गांव में पुलिस ने जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। प्रभारी निरीक्षक विनोद जोशी के नेतृत्व में टीम ने ग्रामीणों को साइबर क्राइम से बचने, सोशल मीडिया का सुरक्षित उपयोग करने के साथ ही नए कानूनों की जानकारी दी। इस दौरान पुलिस ने लोगों को नशे से होने वाले दुष्परिणाम की जानकारी देते हुए नशे से दूर रहने की अपील की गई।

## वन–वे व्यवस्था लागू

चंपावत जिले के लोहाघाट नगर में बढ़ती जाम की समस्या और यातायात व्यवस्था को पटरी में लाने के लिए जयंती भवन तिराहा से मीना बाजार तक आज से चौपहियां वाहनों के लिए वन–वे व्यवस्था लागू की जा रही है। पुलिस अधीक्षक अजय गणपति ने बताया कि नगर में यातायात व्यवस्था को सुचारु, सुगम एवं सुरक्षित बनाने के लिए लोगों के प्राप्त सुझावों के बाद वन–वे व्यवस्था लागू करने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने बताया कि वन–वे व्यवस्था में जयंती भवन तिराहा से मीना बाजार तक चार पहिया वाहनों का आवागमन पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। इससे लोगों को आवाजाही करने में सुविधा होगी।

## प्रशिक्षण दिया

पिथौरागढ़ में 55वीं वाहिनी एसएसबी ने जमतड़ी में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उनकी आर्थिकी को मजबूत बनाने के लिए सिलाई का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षक गीता पंत ने इस दौरान महिलाओं को सूट और पैंट की कटिंग करने का तरीका बताया। उन्होंने कहा कि महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए निशुल्क सिलाई का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

## कुमाऊं विश्वविद्यालय को सम्मान

कुमाऊं विश्वविद्यालय को वेटरंस इंडिया की ओर से वर्ष 2025 का राष्ट्रीय उत्कृष्टता पुरस्कार दिया गया है। इस प्रतिष्ठित सम्मान के माध्यम से कुमाऊं विश्वविद्यालय को देश के शीर्ष 13 संस्थानों में स्थान दिया गया है। विद्यार्थियों में राष्ट्रभक्ति, नेतृत्व क्षमता, सामुदायिक सेवा, युवा सशक्तीकरण और मूल्य आधारित शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए प्रभावी और प्रेरणादायी पहल करने के लिए विश्वविद्यालय को यह पुरस्कार दिया गया है। नई दिल्ली में आयोजित समारोह में कुलपति प्रोफेसर डीएस रावत ने यह पुरस्कार प्राप्त किया।

## तीन की मृत्यु

उत्तराखंड के नैनीताल जिले में प्रसिद्ध कैंची धाम के पास पर्यटकों से भरी कार गहरी खाई में जा गिरी। जिसमें तीन लोगों की मृत्यु हो गई। हादसे में घायलों का रेस्क्यू कर अस्पताल में भर्ती किया गया है। मिली जानकारी के मुताबिक कार में कुल नौ लोग सवार थे। कार सवार सभी लोग बरेली के बताए जा रहे हैं। पुलिस हादसे के कारणों का पता लगा रही है।

## एक राष्ट्र एक चुनाव

भाजपा सांसद पी पी चौधरी की अध्यक्षता में कल नई दिल्ली में एक राष्ट्र एक चुनाव से संबंधित कानूनों पर गठित संयुक्त संसदीय समिति की बैठक हुई। समिति, संविधान एक सौ उनतीसवां संशोधन विधेयक, 2024 और केंद्र शासित प्रदेश कानून संशोधन विधेयक, 2024 की जांच कर रही है। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष की पहली उप प्रबंध निदेशक, गीता गोपीनाथ और प्रधानमंत्री के आर्थिक सलाहकार परिषद के सदस्य संजीव सान्याल भी बैठक में उपस्थित रहे।

## मौसम

मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार प्रदेशभर में 20 दिसंबर तक मौसम शुष्क रहेगा। केंद्र के अनुसार 21 दिसंबर को उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग और पिथौरागढ़ जिले के कुछ हिस्सों में बारिश हो सकती है। साथ ही हिमालयी क्षेत्रों में 3500 मीटर से अधिक ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी की संभावना जताई है। साथ ही मैदानी जिलों विशेषकर हरिद्वार और ऊधमसिंहर नगर जिले में घने कोहरे का यलो अलर्ट जारी किया है। बाकी जिलों में मौसम शुष्क रहने की संभावना है। वहीं उत्तराखंड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की ओर से जारी वायु गुणवत्ता सूचकांक में 17 दिसंबर का देहरादून का एक्यूआई 294 दर्ज किया गया।